आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का देश के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा।
- पूरे देश में आज पन्दहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है।
- मध्योत्तर अण्डमान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- युवा शतरंज खिलाड़ी जी. दिशा मिनाक्षी ने एरिना कैंडिडेट मास्टर का खिताब हासिल किया।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का देश के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। इसे देखते हुए आज शाम का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन शाम सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर शाम छः बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी श्री विजयपुरम रात्रि दस बजे से विशेष कार्यक्रम सर्व भाषा कवि सम्मेलन का प्रसारण करेगा, जो आकाशवाणी दिल्ली से रिले किया जाएगा।

<><><><><><><>

पूरे देश में आज पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में बूथ स्तर, तहसील स्तर और ज़िला स्तर पर मनाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम है "मतदान से बढ़कर कुछ नहीं, मैं जरूर वोट दूंगा"। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी काले अमित मारूति राव ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करके मतदाता नामांकन में वृद्धि करना है। भारत के चुनाव आयोग के मार्गदर्शन में, मुख्य निर्वाचन कार्यालय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अवसर पर कर्मचारियों को शपथ दिलाई जाएगी। कॉलेजों में मतदाता दिवस के विषय पर ड्राइंग, स्किट, निबंध, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आकाशवाणी, दूरदर्शन, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता भी फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि फोटोयुक्त मतदाता सूची–दो हजार पच्चीस का विशेष सारांश संशोधन किया गया।

अंतिम सूची के अनुसार द्वीपों में कुल तीन लाख ग्यारह हजार पांच सौ छः मतदाता हैं, जिनमें से एक लाख इकसठ हजार दो सौ छब्बीस पुरुष और एक लाख पचास हजार दो सौ छियहत्तर महिलाएं हैं, जबकि ट्रांसजेंडर की संख्या चार है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की जारवा जनजाति को पहली बार मतदाता सूची में शामिल किया गया, जो राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उनके एकीकरण का प्रतीक है।

आम जनता के लिए चुनावी गतिविधियों के संबंध में सहायता सुनिश्चित करने के लिए, राज्य संपर्क केंद्र और ज़िला संपर्क केंद्र में एक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर—एक नौ पांच शून्य स्थापित किया गया है, जो कार्यालय समय के दौरान कार्य दिवस पर काम करेगा। काले अमित मारूति राव ने अट्ठारह—उन्नीस वर्ष की आयु के युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि वे मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और आयोग की थीम को पूरा करने के लिए खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत करें। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और मीडिया से भी अनुरोध किया है कि वे इस संबंध में अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग दें।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने उत्तर व मध्य अण्डमान ज़िले में सत्रह और अट्ठारह जनवरी को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रति छात्रों को जागरूक करना था। यह कार्यक्रम विभिन्न स्कूलो और कॉलेजों में आयोजित किया गया। इस दौरान कई सत्र आयोजित किए गए, जिनमें रि—साइक्लिंग जैसी उन्नत अपशिष्ट उपचार तकनीकों को प्रदर्शित करने वाले वीड़ियों भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपों में भी कल राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस सिलसिले में डिगलीपुर के सुभाषग्राम—एक के आंगनवाड़ी केन्द्र में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ल़ड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने लैंगिंक समानता को बढ़ावा देने, लड़कियों के सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समान अवसर मिलने की बात पर ज़ोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिप्रा मिस्त्री ने बालिकाओं की स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं पर जानकारी दी। इस दौरान कविका पाठ और नृत्य प्रदर्शन के लिए लड़कियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

<><><><><><><>

प्रदेश कॉंग्रेस समिति के अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अंतरद्वीपीय मरीज़ों की देखभाल करने वालों के लिए अस्थाई आवास सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की हैं। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि पी बी एम सी धर्मशाला लम्बे समय से अपनी सेवाएं प्रदान करती रही है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मरम्मत कार्यों के चलते अब यह सुविधा उपलब्ध नही है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शाम छः बजे परिषद के हिन्दी भवन में द्वीपों के जाने–माने कवि एवं कवयित्री अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

<><><><><><><>

युवा शतरंज खिलाड़ी जी. दिशा मिनाक्षी ने एरिना कैंडिडेट मास्टर का खिताब हासिल किया। दिशा मिनाक्षी अब फीड़े ऑनलाइन एरिना खिलाब हासिल करने वाली द्वीपसमूह की सबसे कम उम्र की लड़की शतरंज खिलाडी बन गई है। मिनाक्षी पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय नम्बर–एक की कक्षा पांचवी की छात्रा है। शतरंज महासंघ द्वारा दिशा मिनाक्षी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ए सी एम की उपाधि से सम्मानित किया।

<><><><><><><>

तेईसवीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप–दो हजार पच्चीस, सत्रह से बीस फरवरी तक चेन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अंडमान निकोबार इक्कतीस जनवरी को राज्य चैम्पियनशिप सह चयन ट्रायल का पुनर्निर्धारण करने जा रहा है। सभी इच्छुक पैरा एथलीट, जिन्होंने अपना प्रवेश पंजीकृत नहीं कराया है, उनको तीस जनवरी से पहले नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक कार्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ अपना नाम पंजीकृत करवाने को कहा गया है।

चयनित एथलीटों को किसी भी पी सी आई मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय पैरा समिति की आई डी संख्या प्राप्त करने हेतु एन एस आर एस पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

सीप्पीघाट में एच टी और एल टी लाईनों के रख–रखाव का कार्य किए जाने के कारण आज बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सीप्पीघाट, छोलदारी, पोर्ट मोट, ओग्राब्राज, टुसनाबाद, नमूनाघर, मीठाखाड़ी, हाथी टापू, डंडस प्वाइंट और तिरूर के क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से दिन में ग्यारह बजे तक बिजली की कटौती रहेगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन के लिए सुबह साढ़े सात से साढ़े नौ बजे तक मरीना पार्क क्रॉसिंग और गर्ल्स स्कूल ट्रैफिक जंक्शन से महाबीर सिंह रोड के बीच वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

कोचिन बन्दरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष व अण्डमान लक्षद्वीप बन्दरगाह निर्माण के मुख्य अभियन्ता तथा पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहाकार ने उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात करने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। द डेली टेलीग्राम्स ने भी इसी खबर को अपने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। अखबार ने पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल के संदेश को पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है। शहीद द्वीप में समुद्र तट पर सफाई अभियान चलाए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने नेताजी सुभाष मेला आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>